हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 26 फरवरी 2025

11 वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति



12 यूजीसी नेट परीक्षा में चौथी बार सफलता हासिल कर पूजा आर्या ने किया नाम रोशन



## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। कैंप में छात्राओं की स्वास्थ्य जांच करते कर्मचारी।

### एनएसएस कैंप में हुई स्वास्थ्य जांच

**बहादुरगढ़।** राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में साप्ताहिक एनएसएस शिविर के पांचवें दिन प्राचार्य अलका गुलाटी की अध्यक्षता में प्रातःकालीन सत्र की शुरुआत योगा से हुई। योग सहायिका सुनील ने योग करवाते हुए इसका महत्व समझाया। डॉ. निखिलेश कक्कड़ ने स्वयंसेविकाओं को स्वस्थ जीवन शैली तथा हेल्थ एंड हाइजीन विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। इस दौरान छात्राओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। प्रिंसिपल अलका गुलाटी ने सामुदायिक स्वास्थ्य का महत्व समझाया। कैंप में स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप और शर्करा परीक्षण के साथ निशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ ललिता ने कहा कि हम समुदाय की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### युवक से मोबाइल छीना पुलिस ने केस दर्ज किया

**बहादुरगढ़।** पुराने बस अड्डे के पास एक युवक से छीना झपटी की वारदात हो गई। दो युवकों ने इस वारदात को अंजाम दिया। इस संबंध में पीड़ित युवक द्वारा पुलिस को शिकायत दे दी गई है। जटवाड़ा के निवासी रिंकू का कहना है कि वह दुकान से घर जा रहा था। जब बस स्टैंड के पास पहुंचा तो दो युवकों ने मोबाइल छीन लिया और भाग गए। उधर, सूचना पाकर सिटी थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इस संबंध में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। जल्द ही वारदात सुलझाने की बात कही जा रही है।

### आईटीआई एट गुढ़ा में रोजगार मेला 28 को

**झज्जर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एट गुढ़ा में आगामी 28 फरवरी को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के प्राचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी जीतपाल ने बताया कि रोजगार मेले में कई निजी कंपनियां भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि रोजगार मेला विशेष रूप से आईटीआई पास विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जा रहा है। मेले में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों का इंटरव्यू और रिटन टेस्ट लिया जाएगा। जो विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन करेंगे, उन्हें संबंधित कंपनियों में अप्रेंटिसशिप या रोजगार का अवसर मिलेगा।

### श्रद्धा से मनाई जाएगी महाशिवरात्रि

**बहादुरगढ़।** महाशिवरात्रि का पर्व बुधवार को शहर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में तमाम मंदिरों में कार्यक्रम होंगे। श्याम कॉलोनी में स्थित प्राचीन श्री खाटूश्याम विश्राम धाम में भी धार्मिक आयोजन होगा। सुबह महा रुद्राभिषेक के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होती। देर शाम को संकीर्तन शुरू होगा। मधुर भजनों के जरिये महादेव की महिमा का बखान किया जाएगा।

### 28 को होगी नप की बजट बैठक

**बहादुरगढ़।** नगर परिषद की सामान्य बैठक वीरवार 27 फरवरी को होगी, जबकि बजट बैठक शुक्रवार 28 फरवरी को होगी। सामान्य बैठक में जहां शहर के विकास से जुड़े दर्जनों मुद्दों पर पार्षद चर्चा करेंगे। वहीं बजट बैठक में वर्तमान वित्त वर्ष का लेखा जोखा रखा जाएगा और आगामी वित्त वर्ष का लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा। आगामी बजट में नप की आय 113 करोड़ 20 लाख 20 हजार रुपए करने तथा 112 करोड़ 49 लाख 60 हजार 876 रुपए के अनुमानित खर्चों पर चर्चा होगी।

---

### मोबाइल से ग्राहक की बात कराकर बीस हजार में सौदा तय किया

# तावड़ू में कराई जा रही थी अवैध लिंग जांच, पीएनडीटी ने छापामार कार्रवाई करते हुए एजेंट को पकड़ा

■ सूचना की पुष्टि के लिए एक टीम का गठन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

पीएनडीटी टीम ने अवैध लिंग जांच कराने वाले एक एजेंट को तावडू क्षेत्र से पकड़ा है। सीएमओ डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि तावडू में एक व्यक्ति मोटी रकम के बदले झज्जर और आसपास क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं की लिंग जांच कराता है। सूचना की पुष्टि के लिए एक टीम का गठन किया। जिसमें नोडल अधिकारी पीएनडीटी डॉक्टर संदीप दलाल, डॉक्टर बसंत दूबे, डॉक्टर कनुप्रिया एवं विनोद शामिल रहे। टीम द्वारा गुप्त सूचक से मिले मोबाइल पर प्रलोभन ग्राहक की बात कराई गई तथा बीस हजार रुपये में सौदा तय किया। बातचीत के दौरान सौदा करने वाले दलाल का नाम साहिब पता चला जिसने 24 फरवरी को बिलासपुर चौक, तावडू बुलाया। पीएनडीटी टीम ने प्रलोभन ग्राहक, उसके पति और पुलिस हेड कांस्टेबल रीना जो प्रलोभन ग्राहक की ननंद की भूमिका में थी उन्हें बिलासपुर चौक पर छोड़ दिया। प्रलोभन ग्राहक के पति ने साहिब को फोन किया। थोड़ी देर बाद साहिब गाड़ी में आया और तीनों को बैठाकर अरावली हॉस्पिटल तावडू ले गया। अस्पताल पहुंच कर उसने प्रलोभन ग्राहक की रेफरल स्लिप बनवाई। स्लिप बनवाने के बाद टाउट प्रलोभन ग्राहक को ओम अल्ट्रासाउंड सेंटर, तावडू ले जाया गया। इस बीच पीएनडीटी टीम भी उनका लगातार पीछा करती रही। साहिब ने प्रलोभन ग्राहक से अंदर जाकर एक हजार रुपये की स्लिप कटवाकर अल्ट्रासाउंड करवाने और रिपोर्ट लेकर आने की बात कही। अल्ट्रासाउंड होने के बाद टाउट साहिब वापस तीनों को गाड़ी से बिलासपुर चौक के पास ले आया और वहां रिपोर्ट को देखने के बाद प्रलोभन ग्राहक को गर्भ में लड़का होना बताया गया। इसके बदले प्रलोभन ग्राहक के पति से उसने बीस हजार रुपये ले लिए, जिसकी रिकॉर्डिंग महिला हेड कांस्टेबल रीना द्वारा की गई। इसके बाद जब प्रलोभन ग्राहक का पति पानी लेने के बहाने गाड़ी से उतरा और पास खड़ी पीएनडीटी टीम को इशारा किया तो टीम ने टाउट साहिब को बीस हजार रुपये के साथ रंगे हाथों पकड़ा। इसके बाद उन्हें टीम ओम अल्ट्रासाउंड सेंटर पर ले आई जहां नूंह पीएनडीटी नोडल अधिकारी डॉक्टर आशीष और लोकल पुलिस ने स्थानीय टीम को ज्वाइन किया। टाउट साहिब एवं अल्ट्रासाउंड सेंटर के मालिक डॉक्टर सचिन कटारिया व स्टॉफ से पूछताछ की गई और सेंटर के रिकॉर्ड की छानबीन की गई तो वहां पीएनडीटी रिकॉर्ड में अनियमिताएं मिली। इसके बाद टीम ने सेंटर की अल्ट्रासाउंड मशीन को सील करके नूंह टीम को डॉक्टर सचिन कटारिया के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए सूचित किया और टाउट साहिब को पुलिस के हवाले कर दिया गया। इस संबंध में पीसी पीएनडीटी एक्ट में एफआईआर दर्ज कराने के साथ पुलिस को लिखा गया कि लिंग जांच में यदि डॉक्टर सचिन कटारिया और अरावली हॉस्पिटल से किसी की मिलीभगत मिलती है तो इनके खिलाफ भी पीसी पीएनडीटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया जाए।



झज्जर। पकड़े गए आरोपी साहिब के साथ पीएनडीटी टीम के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

---

## एसीपी दिनेश कुमार का लोगों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एसीपी ट्रैफिक दिनेश कुमार का बहादुरगढ़ में पहुंचने पर दुकानदारों और आम नागरिकों ने जोरदार स्वागत किया। लोगों ने उनके समक्ष शहर के बाजारों को अतिक्रमण मुक्त करने तथा यातायात व्यवस्था मजबूत करने की मांग रखी। दरअसल, अर्जुन अवॉर्डी बॉक्सर दिनेश कुमार बहादुरगढ़ में करीब डेढ़ साल पहले यातायात प्रभारी रह चुके हैं। इनकी कार्यशैली से लोग काफी प्रभावित हुए थे। अब हाल ही में इन्होंने बतौर एसीपी ट्रैफिक बहादुरगढ़ का कार्यभार संभाला है। कार्यभार संभालने के बाद मंगलवार को दिनेश कुमार बहादुरगढ़ पहुंचे। यहां झज्जर मोड़ पर दुकानदारों व आम नागरिकों ने इनका स्वागत किया। एसीपी दिनेश कुमार ने वाहन चालकों से अपील है कि वे नियमों का पालन करें। दुकानदार भी अतिक्रमण न करें। व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस तथा स्थानीय प्रशासन का सहयोग करें। जो भी कोई नियमों की अनदेखी करेगा, उसके खिलाफ सख्ती बरती जाएगी। बहादुरगढ़ को अतिक्रमण मुक्त बनाने की उनकी पूरी कोशिश रहेगी।



बहादुरगढ़। एसीपी दिनेश कुमार का स्वागत करते शहरवासी।

---

## पहली पुण्यतिथि पर नफे सिंह राठी को दी श्रद्धांजलि

■ एक वर्ष बीतने के बाद भी हत्यारों की गिरफ्तारी ना होने पर समर्थकों ने जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

इनेलो के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष स्व. नफे सिंह राठी की बरसी पर मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें उनके समर्थकों ने स्व.नफे सिंह राठी के साथ जयकिशन दलाल को श्रद्धासुमन अर्पित किए। मंगलवार को हुई सभा में आयोजित हवन में मंत्रोचारण के साथ शीला राठी, कपूर राठी, भूपेंद्र राठी, दीपक राठी व जितेंद्र राठी समेत असंख्य लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति से लिए आहुति डाली। साथ ही दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थनों की। इसके अलावा राठी के हत्यारों व साजिशकर्ताओं की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग भी उठाई। वक्ताओं ने कहा कि एक वर्ष बीतने के बाद भी पुलिस व सीबीआई के हाथ इस मामले में खाली हैं। इनेलो नेता करण चौटाला ने स्व. नफे सिंह राठी को श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिवार का हर स्थिति में साथ देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि स्व.नफे सिंह राठी का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। कपूर सिंह राठी ने कहा कि स्व.नफे सिंह राठी ने सदा जनहित में आवाज उठाई और गलत का विरोध किया। लेकिन कुछ कायर व भ्रष्ट लोगों ने उनकी हत्या करवा दी। बावजूद इसके उनका परिवार मजबूत है और न्यायपलिका में विश्वास रखता है। उनके हत्यारों व साजिशकर्ताओं की गिरफ्तारी के लिए वे संघर्ष करने को तैयार हैं। भूपेंद्र राठी ने भी उनके हत्यारों की गिरफ्तारी शीघ्र किए जाने की मांग उठाते हुए उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने का संकल्प दोहराया। प्रकाश भारती, रामबीर दलाल, रामधन दलाल, हरस्वरुप, संजू, जयकम खान, पार्षद बिजेंद्र दलाल, खेमचंद भारद्वाज, वेद प्रकाश ढुल, बलराज खरहर, रामनिवास सैनी, पप्पू कानौंदा, राजबीर परनाला, महेंद्र दलाल, श्यामलाल गुप्ता, गौरव सचदेवा, पार्षद अशोक शर्मा, राजनीश मोनू, मोहित राठी, रमन यादव, योगेश , नरेंद्र राठी, शशि कुमार, पवन बराही, कृष्णा दलाल, नीलम ढिल्लो, सीमा दलाल आदि ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



बहादुरगढ़। नफे सिंह राठी की बरसी पर हुए हवन में आहुति डालते परिजन व समर्थक। फोटो :हरिभूमि

---

### डीसी ने अनियमितताओं के कारण छारा गांव की सरपंच को किया निलंबित

**झज्जर।** डीसी प्रदीप दहिया ने छारा ग्राम पंचायत की सरपंच को विभिन्न अनियमितता के आरोपों के चलते तत्काल प्रभाव से सरपंच पद से निलंबित कर दिया है। हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 51(1) के अंतर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए डीसी द्वारा सरपंच के खिलाफ कार्रवाई की गई है। सरपंच के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए एडीसी को नियमित जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। सरपंच के खिलाफ प्रारंभिक जांच में आरोप गंभीर प्रवृत्ति के पाए गए हैं। सरपंच के खिलाफ सरकारी पद के दुरुपयोग, अपने कर्तव्य के निर्वहन में लापरवाही करने से सहित अन्य आरोप हैं।

## डीटीपी ने इस्सरहेड़ी में की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग की तरफ से मंगलवार को गांव इस्सरहेड़ी में अवैध रूप से विकसित की जा रही 3 कॉलोनियों में तोड़फोड़ की गई। इनफोर्समेंट टीम ने जेसीबी की मदद से मिट्टी डालकर बनाई जा रही सड़कें, चारदीवारी और ढांचों को तोड़ा। तोड़फोड़ की कार्रवाई डीटीपी मनीष दहिया, एटीपी सतीश व जेई सुमित की देखरेख में की गई। इस दौरान भारी पुलिस भी मौके पर मौजूद रहा। बता दें कि गांव इस्सरहेड़ी में करीब साढ़े 20 एकड़ एरिया में आबाद हो रही तीन अवैध कॉलोनियों में डीटीपी इनफोर्समेंट टीम ने तोड़फोड़ की। डीटीपी के दस्ते द्वारा 5 ढांचे, 6 चारदीवारी, 22 डीपीसी और मिट्टी की सड़कें उखाड़ी गई। डीटीपी मनीष दहिया ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी अवैध विकसित की जा रही कॉलोनियों में प्लॉट आदि लेकर अपने धन को खराब नहीं करे। नियंत्रित क्षेत्र में कोई भी अवैध निर्माण न करें और प्लाट खरीदने से पहले डीटीपी कार्यालय से उस कॉलोनी की वैधता बारे सुनिश्चित करें ताकि विभागीय कार्यवाही एवं आर्थिक नुकसान से बच सकें।



बहादुरगढ़। गांव इस्सरहेड़ी में तोड़फोड़ करती डीटीपी की जेसीबी।

### तबीयत बिगड़ने से एमसीडी कर्मी की मौत

**बहादुरगढ़।** गांव दुल्हेड़ा में तबीयत बिगड़ने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। हृदयाघात या किसी बीमारी से मौत होने की आशंका है। असल पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो सकेगी। मृतक की पहचान राजकुमार के रूप में हुई है। करीब 52 वर्षीय राजकुमार गांव दुल्हेड़ा का रहने वाला था। एमसीडी में कार्यरत था। इन दिनों कंझावला में ड्यूटी चल रही थी। जानकारी के अनुसार, सुबह वह ड्यूटी के लिए तैयार हो रहा था। इसी दौरान तबीयत बिगड़ गई और वह फर्श पर गिर गया। परिजनों ने देखा तो संभाला और अस्पताल में लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने मौत की पुष्टि कर दी। सूचना पाकर पुलिस अस्पताल में पहुंची और पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। काफी देर बाद अस्पताल में पोस्टमार्टम हो सका। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु की असल वजह सामने आ सकेगी। फिलहाल हृदयाघात की आशंका जताई जा रही है।

## पाई से लापता किशोर का शव रोहद के पास माइनर में मिला

■ सड़ी गली अवस्था में मिले शव के बंधे हुए थे हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

खरखोदा के पाई गांव से लापता एक किशोर का शव सड़ी गली अवस्था में रोहद के पास एनसीआर माइनर में मिला है। प्रारंभिक तौर पर हत्या कर शव माइनर में फेंके जाने की बात सामने आ रही है। पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। बुधवार को पोस्टमार्टम होगा। मामले में आगामी कार्रवाई खरखोदा पुलिस कार्रवाई करेगी। जांच के बाद ही असल तस्वीर साफ हो पाएगी। दरअसल, मंगलवार की सुबह रोहद में पुल के पास एनसीआर माइनर में एक शव अटका देखा गया। किसी की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। शव को पानी से बाहर निकालकर बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में रखवाया गया। कई दिन पुराने नग्न अवस्था में मिले शव के हाथ बंधे हुए थे। लिहाजा हत्या की आशंका जताई गई। पुलिस ने पहचान के प्रयास किए। आसपास चौकी, थानों में संपर्क किया। इस दौरान सामने आया कि खरखोदा थाना क्षेत्र से भी एक किशोर कई दिन से लापता है। जब उसके परिजनों को यहां बुलाया गया तो शिनाख्त हो गई। मृतक की पहचान करीब 17 वर्षीय लक्ष्य के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, लक्ष्य सांपला से था लेकिन फिलहाल खरखोदा के पाई गांव में अपने मामा के यहां रह रहा था। करीब सप्ताह भर से वह लापता था। इस संबंध में खरखोदा थाने में गुमशुदगी की एफआईआर दर्ज है। वहां की पुलिस और परिजन लगातार तलाश कर रहे थे। अब कई दिन बाद काफी किलोमीटर दूर बहादुरगढ़ क्षेत्र में माइनर से शव बरामद हुआ है। चूंकि हाथ बंधे हुए हैं तो हत्या के बाद शव माइनर में डालने की बात सामने आ रही है। अगर हत्या है तो किसने, कैसे और किन कारणों से की, ये सवाल बना हुआ है। मामले में आगामी कार्रवाई खरखोदा पुलिस करेगी। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम होगा। जांच के बाद ही मामले की हकीकत सामने आ सकेगी।

---

**प्रतियोगिता** — महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में फैशन शो का आयोजन

## फैशन शो प्रतियोगिता में कुमारी ज्योति रही प्रथम

■ फैशन शो के दौरान छात्राओं ने स्वनिर्मित पारंपरिक एवं वेस्टर्न परिधानों का प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ, आईक्यूएसी एवं एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा फैशन शो का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर माधवी शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत में कुमारी दिव्या व कुमारी खुशी ने गणेश वंदना द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी एवं फैशन डिजाइनिंग कोर्डिनेटर डॉक्टर अनुपमा यादव ने बताया कि निर्णायक मंडल में डॉक्टर चंचल हुड्डा, यूआईटी एमडीयू, रोहतक, असिस्टेंट प्रोफेसर कोमल एवं श्रुति शामिल रहे। फैशन शो के दौरान छात्राओं ने स्वनिर्मित पारंपरिक एवं वेस्टर्न परिधानों का प्रदर्शन किया। कुमारी कल्पना ने हरियाणवी डांस, कुमारी वंदना, कुमारी सलोनी, कुमारी दीक्षा व कुमारी रितिरका ने हिंदी गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी। फैशन इंस्ट्रक्टर जगवंती ने बताया कि फैशन शो प्रतियोगिता में बीए फाइनल की छात्रा कुमारी ज्योति को प्रथम स्थान मिला। कुमारी सीमा ने द्वितीय, कुमारी साक्षी ने तृतीय व कुमारी अंजना ने चतुर्थ स्थान हासिल किया। प्राचार्या डॉक्टर माधवी ने सभी विजेता प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।





झज्जर। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्या डॉक्टर माधवी शर्मा के साथ शिक्षक एवं छात्राएं, कार्यक्रम के दौरान अपनी प्रस्तुति देते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

**Required - Teachers**

Invite Applications from well qualified (PGT) female candidates for (Math, Chemistry, Physics, Biology & English)
Interested Candidates may send their resume at school Email: vakvbgh@yahoo.in
latest by 8th March, 2025, Salary Negotiable.

**Vaish Arya Kanya Sr. Sec. School, Mal Godam Road, Bahadurgarh**

Contact for any further enquiry
IC Principal:- 8708380327
Gen. Secretary:- 8708079658

# सोना या शेयर... कहां पैसा लगाना ज्यादा फायदेमंद

- दोनों के 20 साल के रिटर्न से समझें पूरी रणनीति
- सोने की कीमतों में 2023-2025 में बढ़ोतरी जारी
- भू-राजनीतिक तनाव से कीमतें प्रभावित हुई
- सोने व सेंसेक्स ने पिछले 20 वर्षों में समान रिटर्न दिया

सोना रोज नए रिकॉर्ड बना रहा है। 2023 और 2024 में सोने की कीमतों में 13% और 27% की बढ़ोतरी देखी गई। 2025 में भी यह तेजी जारी है। अब तक इससे लगभग 10% का रिटर्न मिल चुका है। इस सोने की दौड़ के पीछे कई कारण हैं। इनमें बढ़ती महंगाई, भू-राजनीतिक अनिश्चितता और शेयर बाजार में गिरावट शामिल हैं। ऐतिहासिक रूप से सोने को इन जोखिमों से बचाव का सबसे अच्छा तरीका माना जाता रहा है।

**निवेश मंत्रा**
बिजनेस डेस्क

वर्ष 2023 से सोने की कीमतों में तेज बढ़ोतरी देखी गई है, जो 2025 में भी जारी है। ये बढ़ोतरी भू-राजनीतिक तनावों, मुद्रास्फीति और शेयर बाजार की गिरावट के कारण हुई है। पिछले 20 वर्षों में सोना और सेंसेक्स ने समान रिटर्न दिया है, जिससे दोनों निवेशों की अहमियत स्पष्ट होती है। सोना रोज नए रिकॉर्ड बना रहा है। 2023 और 2024 में सोने की कीमतों में 13% और 27% की बढ़ोतरी देखी गई। 2025 में भी यह तेजी जारी है। अब तक इससे लगभग 10% का रिटर्न मिल चुका है। इस सोने की दौड़ के पीछे कई कारण हैं। इनमें बढ़ती महंगाई, भू-राजनीतिक अनिश्चितता और शेयर बाजार में गिरावट शामिल हैं। ऐतिहासिक रूप से सोने को इन जोखिमों से बचाव का सबसे अच्छा तरीका माना जाता रहा है।



### इस बात को भूल जाते हैं लोग

अंतराष्ट्रीय सोने की कीमत अमेरिकी डॉलर में होती है। डॉलर में किसी भी मजबूती का मतलब भारतीय रुपये में कमजोरी है। ऐतिहासिक रूप से रुपये ने डॉलर के मुकाबले मूल्य खोया है। इसलिए जब रुपया कमजोर होता है तो सोने का मूल्य बढ़ता है। यह सोने के भारतीय रुपये-मूल्यवर्ग के रिटर्न को बढ़ाता है। भारतीय निवेशकों के लिए सोने में अतिरिक्त रिटर्न (सालाना 2% और 3% के बीच) रुपये के अवमूल्यन से आया है।

**इसलिए डायवर्सिफिकेशन जरूरी :** सोना और स्टॉक अलग-अलग प्रकार के निवेश हैं, उन्होंने दो दशकों में समान रिटर्न प्रदान किया है। एक दूसरे से बेहतर हैं या नहीं यह बाजार की स्थितियों, जोखिम की भूख और निवेश लक्ष्यों पर निर्भर करता है। इक्विटी और बॉन्ड के साथ सोने में अच्छा निवेश कॉन्सेंट्रेशन रिस्क को कम करते हुए पोर्टफोलियो को स्थिरता प्रदान करता है। कुल मिलाकर आपके एसेट एलोकेशन के हिस्से के रूप में दोनों का सही अनुपात में होना जरूरी है।

### सोने में तेजी की वजह क्या

2020 के बाद भू-राजनीतिक तनाव ने सोने की कीमतों को हवा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दरों में कटौती के अलावा रूस-यूक्रेन युद्ध, इजरायल-हमास संघर्ष और चीन-ताइवान के बीच बढ़ते तनाव के चलते सोने की कीमतें बढ़ी हैं। इसके अलावा, डोनाल्ड ट्रंप के व्हाइट हाउस में वापसी से वैश्विक अनिश्चितता बढ़ गई है। ट्रंप की टैरिफ नीतियां व्यापार युद्ध शुरू कर सकती हैं। इसका वैश्विक मुद्राओं पर महत्वपूर्ण असर पड़ेगा। सोने का भाव देश में 89 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गया है। कुछ समय पहले बेंचमार्क इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स भी 25 सितंबर, 2024 को पहली बार 85,000 के स्तर को पार कर गया था। सेंसेक्स 27 सितंबर, 2024 को 85,978 के सर्वकालिक ऊंचे स्तर पर पहुंच गया था। यह 85,571 पर बंद हुआ था, जो अब तक का सबसे ऊंचा लेवल है। आइए देखते हैं कि पिछले 20 वर्षों में रिटर्न के मामले में दोनों में किसने बाजी मारी है।

### किसने मारी बाजी

2005 में सेंसेक्स 8,000 पर था। वहीं, सोना लगभग 7,000 रुपये प्रति 10 ग्राम था। 2025 में सोना और सेंसेक्स (29 सितंबर, 2024) दोनों 85,000 रुपये को पार कर गए। दोनों के बीच यह स्तर छूने में चार महीने का अंतर रहा। हालांकि, एक लॉन्ग-टर्म इन्वेस्टमेंट व्यू ऐसे अंतरों को दूर करता है। चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) फॉर्मूला का इस्तेमाल करते हुए दोनों एसेट्स ने पिछले 20 सालों में 12% से 13% का वार्षिक रिटर्न दिया है। क्या यह एक अद्भुत संयोग नहीं है? लेकिन एक बात है, जिसे लोग अक्सर भूल जाते हैं।

# एसआईपी से जुड़े सात सवाल जवाब में छिपी फायदे की बात

- एसआईपी के जरिये किए गए निवेश से पूरा फायदा मिलेगा
- आप निवेश की इस रणनीति पर सही ढंग से अमल कर पाएंगे
- रिटेल इनवेस्टर बड़े पैमाने पर एसआईपी के जरिये करते हैं निवेश, इसमें नुकसान का कम रहता है जोखिम
- थोड़े-थोड़े करके पैसे डालने पर टाइमिंग से जुड़ा रिस्क कम

**जानकारी**
बिजनेस डेस्क

सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी), म्यूचुअल फंड में निवेश करने का एक पॉपुलर तरीका है। रिटेल इनवेस्टर बड़े पैमाने पर एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड्स में पैसे लगाते हैं, लेकिन क्या ज्यादातर निवेशक एसआईपी के जरिये निवेश की रणनीति को ठीक से समझते हैं? पिछले दिनों शेयर बाजार में गिरावट के दौरान अधिकांश फंड्स के एसआईपी रिटर्न भी घटे। उस पर निवेशकों के बीच जिस तरह से घबराहट देखने को मिली और लोग एसआईपी को कटघरे में खड़ा करने लगे, उसे देखकर तो यही लगता है कि इस बारे में और अधिक समझदारी बनाने की जरूरत है। अगर रिटेल निवेशकों को एसआईपी के जरिये निवेश का पूरा फायदा उठाना है, तो उनके लिए निवेश के इस तरीके को सही संदर्भ में समझना और उससे जुड़ी गलतफहमियों को दूर करना जरूरी है।

**एसआईपी क्या एक अलग इनवेस्टमेंट प्रोडक्ट है**

बहुत सारे इनवेस्टर एसआईपी को एक अलग इनवेस्टमेंट प्रोडक्ट समझ लेते हैं. जबकि सच ये है कि एसआईपी कोई अलग इनवेस्टमेंट प्रोडक्ट नहीं है। दरअसल, सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान किसी भी म्यूचुअल फंड में डिसिप्लिन के साथ रेगुलर इनवेस्टमेंट करने का एक तरीका है। ऐसा तरीका, जो निवेश करने की प्रक्रिया को आम निवेशकों के लिए आसान और सुविधाजनक बना देता है। साथ ही इसके जरिये रेगुलर इनवेस्टमेंट का डिसिप्लीन यानी अनुशासन भी मेंटेन किया जा सकता है। एसआईपी का मतलब है, आपके चुने हुए इनवेस्टमेंट प्रोडक्ट यानी म्यूचुअल फंड स्कीम में, पहले से तय अंतर पर (मसलन, हर महीने या 3 महीने में) एक निश्चित रकम निवेश करना यानी इसमें एक फिक्स्ड रकम, पहले से तय फ्रीक्वेंसी के हिसाब से आपके चुने हुए म्यूचुअल फंड में निवेश कर दी जाती है। यानी असल में आपका फंड या चुनी हुई स्कीम ही इनवेस्टमेंट प्रोडक्ट है, जबकि एसआईपी तो सिर्फ उसमें पैसे लगाने का एक सुविधाजनक और बेहतर तरीका है।

**एसआईपी क्या एक अलग एसेट क्लास**


नहीं। एसआईपी कोई अलग एसेट क्लास नहीं है, लेकिन एसआईपी के जरिये आप अलग-अलग एसेट क्लास में निवेश करने वाले फंड्स में पैसे जरूर लगा सकते हैं। मिसाल के तौर पर अगर आप गोल्ड फंड में एसआईपी करते हैं, तो आपके पैसे उस फंड के जरिये गोल्ड में निवेश होते हैं। यानी एसआईपी कोई अलग एसेट क्लास नहीं, बल्कि इनवेस्टमेंट का तरीका है। कुछ-कुछ वैसे ही, जैसे पोस्ट ऑफिस या बैंक में आप रिकरिंग डिपॉजिट के जरिये पैसे जमा करते हैं।

**एसआईपी से तय होता है कम या ज्यादा रिटर्न**

एसआईपी के जरिये किए जाने वाले निवेश पर आपको कितना रिटर्न मिलेगा, यह उस फंड के परफॉर्मेंस से तय होता है, जिसमें आप पैसे डाल रहे हैं। एसआईपी को निवेश का बेहतर तरीका इसलिए माना जाता है, क्योंकि इसमें निवेश की टाइमिंग का टेंशन नहीं रहता है। यानी एक साथ पूरे पैसे लगाने की तुलना में एसआईपी के जरिये थोड़े-थोड़े करके पैसे डालने पर इनवेस्टमेंट की टाइमिंग से जुड़ा रिस्क कम हो जाता है। इसका फायदा लंबे अरसे में मिलता है. लेकिन ऐसा नहीं कहा जा सकता कि एसआईपी के जरिये निवेश करने पर मिलने वाला रिटर्न लंपसम यानी एकमुश्त निवेश के रिटर्न से हमेशा ज्यादा या कम ही होगा। इसकी वजह ये है कि लंपसम इनवेस्टमेंट का रिटर्न किसी हद तक निवेश की टाइमिंग पर भी निर्भर रहता है। एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड में पैसे लगाने पर रिटर्न की कोई गारंटी भी नहीं होती। इसका रिटर्न पूरी तरह उस म्यूचुअल फंड स्कीम के प्रदर्शन पर निर्भर है, जिसे आपने सेलेक्ट किया है।

**एसआईपी क्या सिर्फ छोटे निवेशकों के लिए**

एसआईपी की बड़ी खूबी है कि आप इसके माध्यम से हर महीने सिर्फ 500 रुपये या उससे भी छोटी रकम से भी निवेश की शुरुआत कर सकते हैं, लेकिन ऐसा नहीं कि एसआईपी सिर्फ छोटे निवेशकों के लिए है। सच तो यह है कि एसआईपी में इनवेस्टमेंट की कोई अपर लिमिट यानी ऊपरी सीमा नहीं होती। इसलिए बड़ी पूंजी लगाने वाले हाई नेटवर्थ निवेशक भी एसआईपी के जरिये निवेश करते हैं। उनकी एसआईपी में दिलचस्पी इसलिए रहती है, क्योंकि इसके जरिये पैसे लगाने पर बाजार के उतार-चढ़ाव से फायदा होता है। मार्केट चढ़ने पर एसआईपी की रकम में कम यूनिट्स मिलती हैं, लेकिन जब बाजार गिरता है, तो एसआईपी के उसी फिक्स अमाउंट में ज्यादा यूनिट्स मिल जाती हैं। इस तरह लंबे अरसे के दौरान निवेश की एवरेज प्रति यूनिट कॉस्ट कम हो जाती है। इसी को रुपी-कॉस्ट एवरेजिंग कहा जाता है, जो एसआईपी की सबसे बड़ी खूबी है।



**एसआईपी क्या सिर्फ इक्विटी फंड्स के लिए**

ऐसा सोचना सही नहीं है कि एसआईपी के जरिये सिर्फ इक्विटी फंड्स में ही निवेश किया जा सकता है। एसआईपी का इस्तेमाल आप डेट फंड्स या हाइब्रिड फंड्स से लेकर गोल्ड फंड तक, किसी भी म्यूचुअल फंड स्कीम में पैसे लगाने के लिए कर सकते हैं। डेट फंड्स में एसआईपी के जरिये इनवेस्ट करना, कुछ-कुछ वैसा ही है, जैसे बैंक या पोस्ट ऑफिस के रिकरिंग डिपॉजिट (आरडी) में पैसे लगाना। डेट फंड्स में आमतौर पर इक्विटी फंड्स के मुकाबले ज्यादा स्टेबल रिटर्न मिलते हैं। इसलिए डेट फंड में एसआईपी करना उन निवेशकों के लिए बेहतर रहता है, जो ज्यादा रिस्क नहीं लेना चाहते या जो शॉर्ट टर्म के लिए निवेश करना चाहते हैं।

**एसआईपी के साथ क्या हमेशा लॉक इन पीरियड जुड़ा होता**

टैक्स सेविंग इक्विटी लिंक्ड सेविंग्स स्कीम्स (ईएलएसएस) में किए गए निवेश पर 3 साल का लॉक-इन पीरियड लागू होता है, जबकि रिटायरमेंट फंड्स और चिल्ड्रेंस फंड्स में 5 साल का लॉक-इन होता है। यह लॉक-इन इन स्कीम्स में एसआईपी के जरिये निवेश करने पर भी लागू रहता है, लेकिन बाकी ज्यादातर ओपन-एंडेड म्यूचुअल फंड्स में आप अपने निवेश को कभी भी निकाल सकते हैं, अगर आप एसआईपी शुरू करने के बाद किसी वजह से उसे बीच में रोकना यानी पॉज करना चाहते हैं, तो आप यह काम भी बड़ी आसानी से कर सकते हैं। इसके लिए आपको कोई एक्सट्रा फीस भी नहीं देनी पड़ती है। आप अपनी जरूरत के हिसाब से कुछ यूनिट्स भी बेच सकते हैं। ऐसा करते समय एग्जिट लोड और मुनाफे पर लागू टैक्स की जानकारी जरूर कर लेनी चाहिए। एग्जिट लोड यूनिट्स के होल्डिंग पीरियड के हिसाब से अलग-अलग लगता है।

**एसआईपी का 1 साल का रिटर्न देखकर राय बनाना कितना सही**

एसआईपी के जरिये किए गए निवेश पर सिर्फ 6 महीने या 1 साल का रिटर्न देखकर राय बनाना सही नहीं है। इक्विटी फंड्स की एसआईपी के मामले में यह बात समझना और भी जरूरी है। दरअसल, इक्विटी फंड्स में एसआईपी करने वालों को हमेशा यही सलाह दी जाती है कि उन्हें 5 साल या उससे भी ज्यादा समय के लिए एसआईपी करने पर फोकस करना चाहिए, क्योंकि इनवेस्टमेंट पर एवरेजिंग और कंपाउंडिंग का पूरा फायदा लेने के लिए ऐसा करना बेहतर रहता है। हालांकि अपने निवेश के उद्देश्य और इनवेस्टमेंट होराइजन के हिसाब से आप कम समय के लिए भी एसआईपी कर सकते हैं.लेकिन उसके लिए सही स्कीम या फंड का सेलेक्शन जरूरी है। उदाहरण के लिए अल्ट्रा शॉर्ट ड्यूरेशन या शॉर्ट ड्यूरेशन फंड जैसे डेट फंड को शॉर्ट टर्म एसआईपी के लिए बेहतर माना जाता है। लेकिन अगर आप स्मॉल कैप या मिड कैप जैसे किसी इक्विटी फंड में एसआईपी शुरू करने के बाद अगले 6 महीने या एक साल में शानदार रिटर्न की उम्मीद करने लगते हैं, तो जरूरी नहीं कि ऐसा हो।




# एसबीआई जन निवेश की 250 रुपये वाली एसआईपी कितनी बेहतर होगी

- इस योजना में कितना मिलेगा रिटर्न, किस स्कीम में जाएंगे आपके पैसे
- निवेश करने से पहले इस स्कीम के पिछले आंकड़े जांचे

**तैयारी**
बिजनेस डेस्क

एसबीआई म्यूचुअल फंड ने हाल ही में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के साथ मिलकर जन निवेश एसआईपी लॉन्च की है, जिसके जरिये सिर्फ 250 रुपये की मंथली एसआईपी से निवेश की शुरूआत की जा सकती है। इसे म्यूचुअल फंड में निवेश को आम लोगों के बीच और पॉपुलर बनाने वाला कदम बताया जा रहा है। जो लोग इस जन निवेश एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड में पैसे लगाना चाहते हैं, उनके मन में पहला सवाल होगा कि इसमें निवेश करने पर कितना रिटर्न मिलने की उम्मीद की जा सकती है। इस सवाल का जवाब जानने के लिए सबसे पहले तो यह मालूम होना चाहिए कि जननिवेश एसआईपी के जरिये जमा की जाने वाली हर रकम एसबीआई म्यूचुअल फंड की किस स्कीम में लगाई जाएगी। इसके बाद उस स्कीम के पिछले रिटर्न के आंकड़े यह अंदाजा लगाने में मदद करेंगे कि निवेश करने पर कितना रिटर्न मिलने की संभावना हो सकती है।

**बैलेंस्ड एडवांटेज फंड में जाएगी रकम**

सबसे पहले बता दें कि जन निवेश एसआईपी से मिलने वाली सारी रकम एसबीआई बैलेंस्ड एडवांटेज फंड में निवेश की जाएगी, जो एसबीआई म्यूचुअल फंड की एक हाइब्रिड स्कीम है। जैसा कि नाम से जाहिर है, यह एक बैलेंस्ड एडवांटेज फंड है, जिसे हाइब्रिड म्यूचुअल फंड की कैटेगरी में रखा जाता है। डायनैमिक एसेट एलोकेशन फंड भी बैलेंस्ड एडवांटेज फंड का ही दूसरा नाम है।

**बैलेंस्ड एडवांटेज फंड की क्या है खूबी**

बैलेंस्ड एडवांटेज फंड या डायनैमिक एसेट एलोकेशन फंड की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इसके जरिये निवेशकों के पैसों को बाजार की परिस्थितियों के हिसाब से इक्विटी और डेट में डायनैमिक ढंग से इनवेस्ट किया जाता है। सेबी के नियमों के तहत बैलेंस्ड एडवांटेज फंड के पोर्टफोलियो में इक्विटी और डेट दोनों की हिस्सेदारी 0 से 100 फीसदी तक कुछ भी हो सकती है। किस वक्त किस एसेट क्लास में कितने पैसे लगाने हैं, यह फैसला पूरी तरह फंड मैनेजर की समझदारी से किया जाता है. अगर मैनेजर को लगता है कि इक्विटी में रिटर्न गिरने वाला है, तो वह फंड को इक्विटी से डेट की तरफ ट्रांसफर कर सकता है और अगर शेयर बाजार में बेहतर रिटर्न की गुंजाइश नजर आती है, तो वह इक्विटी में फंड एलोकेशन बढ़ा सकता है। यानी इस हाइब्रिड फंड में पैसे लगाने पर निवेशकों को इक्विटी और डेट दोनों में निवेश का फायदा मिलने की उम्मीद रहती है। यही वजह है कि इसे संतुलित रिटर्न देने वाली स्कीम माना जाता है।

## एसबीआई बैलेंस्ड एडवांटेज फंड का लंपसम रिटर्न

- 1 साल का रिटर्न : 9.9%
- 3 साल का औसत सालाना रिटर्न : 12.69%
- लॉन्च से अब तक का औसत सालाना रिटर्न : 11.63%

**ऐसा है फंड**

एसबीआई बैलेंस्ड एडवांटेज फंड का बेंचमार्क निफ्टी-50 हाइब्रिड कंपोजिट डेबट 50:50 इंडेक्स है, जिसका 1 साल का रिटर्न 9.23%, 3 साल का 9.48% और लॉन्च से अब तक रिटर्न 8.67% रहा है. रिटर्न के ये आंकड़े एसबीआई म्यूचुअल फंड की वेबसाइट से लिए गए हैं। 31 जनवरी 2025 को स्कीम का एक्सपेंस रेशियो रेगुलर प्लान के लिए 1.57% और डायरेक्ट प्लान के लिए 0.69% था. एसबीआई म्यूचुअल फंड की इस स्कीम का एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 18 फरवरी 2025 तक अपडेटेड आंकड़ों के मुताबिक 32,953.27 करोड़ रुपये था।

**एसबीआई बैलेंस्ड एडवांटेज फंड का एसआईपी रिटर्न**

- 1 साल का एसबीआई रिटर्न (एन्युलाइज्ड) : 0.99% (रेगुलर प्लान), 1.92% (डायरेक्ट प्लान)
- 3 साल का एसबीआई रिटर्न (एन्युलाइज्ड): 12.55% (रेगुलर प्लान), 13.6% (डायरेक्ट प्लान)

**ऐसे कर सकते हैं निवेश**

जननिवेश स्कीम को लॉन्च किए जाने से पहले एसबीआई बैलेंस्ड एडवांटेज फंड में मिनिमम एसआईपी अमाउंट 500 रुपये था, लेकिन अब नई पहल के तहत इसमें मिनिमम 250 रुपये की एसआईपी से भी निवेश की शुरुआत की जा सकती है। नई पहल के तहत एसबीआई म्यूचुअल फंड की इस स्कीम में एसबीआई योनो ऐप के अलावा पेटीएम, जिरोधा और ग्रो जैसे डिजिटल फिनटेक प्लेटफॉर्म के जरिये भी निवेश किया जा सकता है। इससे इनवेस्टर अपने मोबाइल से ही एसबीआई की शुरुआत कर पाएंगे।

**पिछला रिटर्न भविष्य की गारंटी नहीं**

एसबीआई बैलेंस्ड एडवांटेज फंड के पिछले रिटर्न के आंकड़े देखकर आप इस स्कीम के अब तक के प्रदर्शन का अंदाजा लगा सकते हैं. लेकिन म्यूचुअल फंड्स में पिछले प्रदर्शन के भविष्य में भी जारी रहने की कोई गारंटी नहीं होती। फिर भी पिछले प्रदर्शन के आधार पर फंड मैनेजमेंट के बारे में कुछ अनुमान तो लगाया ही जा सकता है। इक्विटी में बड़े एक्सपोजर की गुंजाइश वाले एसबीआई बैलेंस्ड एडवांटेज फंड को रिस्कोमीटर पर हाई रिस्क वाला माना गया है।

# निवेश करने के तुरंत बाद मेरे निवेश में गिरावट क्यों हो जाती है शुरू



**सुझाव**
संदीप वालुंज

*निवेश करने के लिए सही समय की भविष्यवाणी करना लगभग असंभव है, इसके बजाय, निवेशित और सुसंगत रहने पर ध्यान केंद्रित करना सबसे बेहतर रहता है।*

कई बार यह देखने में आता है कि आप निवेश करें यानी बाजार में पैसा लगाएं और एकदम गिरावट शुरू हो जाए। यह निराशाजनक महसूस करता है जब म्यूचुअल फंड या स्टॉक आपके निवेश के तुरंत बाद गिरने लगते हैं। हालांकि यह दुर्भाग्य की तरह लग सकता है, कई परिहार्य कारक इसमें योगदान करते हैं। निवेशक व्यवहार का दलबार मात्रात्मक विश्लेषण (क्यूएआईबी) लगातार दिखाता है कि व्यक्तिगत निवेशक व्यापक बाजार से कम प्रदर्शन करते हैं। यह काफी हद तक है क्योंकि वे निवेश करने से पहले स्पष्ट संकेतों या सकारात्मक गति की प्रतीक्षा करते हैं, अक्सर गलती करने या लाभ से चूकने के डर से प्रेरित होते हैं। जब तक वे ₹निश्चित₹ महसूस करते हैं, तब तक बाजार पहले से ही वृद्धि में कीमत लगा चुका होता है, जिससे आगे तत्काल ऊपर की ओर बहुत कम गुंजाइश बचती है। इस प्रवृत्ति और निवेश के परिणामों पर इसके प्रभाव को व्यवहारिक वित्त अनुसंधान द्वारा उजागर किया गया है।

### झुंड मानसिकता

निवेशक अक्सर दूसरों का अनुसरण करते हैं जब वे बढ़ती कीमतों को देखते हैं, यह सोचकर कि यह सुरक्षा का संकेत है। इससे बाजार की चोटियों के समय बड़े पैमाने पर निवेश हो सकता है जब आशावाद उच्चतम होता है, जिससे बाद में करेक्शन की संभावना बढ़ जाती है।

### रीसेंसी बायस

लोग हाल के प्रदर्शन को अनुचित वजन देते हैं। जब कोई स्टॉक या फंड अच्छा प्रदर्शन कर रहा होता है, तो यह ₹सुरक्षित₹ निवेश की तरह लगता है; और लोग जोखिम रेटिंग को अनदेखा करते हैं। जोखिम से बचने वाले कई निवेशक स्मॉलकैप में तब निवेश करते देखे जाते हैं, जब वे काफी ऊपर चढ़ जाते हैं।

### नुकसान का डर (जोखिम से बचना)

निवेशक निवेश करने में संकोच करते हैं जब बाजार अनिश्चित या अस्थिर होते हैं, स्थिरता के संकेतों की प्रतीक्षा करते हैं। दुर्भाग्य से, जब तक वे कदम उठाने का सोचते हैं, तब तक विकास की संभावना का एक बड़ा हिस्सा पहले ही घटित हो चुका होता है।

### मार्केट टाइमिंग बायस

बाजार स्वाभाविक रूप से अस्थिर हैं, और अल्पकालिक उतार-चढ़ाव सामान्य हैं। यदि आप बाजार के शिखर के दौरान या मूल्यांकन अधिक होने पर निवेश करते हैं, तो एक करेक्शन का पालन किया जा सकता है, जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि आपका निवेश गिरावट का कारण बना।

### मीन रिवर्सन

मोमेंटम अक्सर शॉर्ट टर्म में स्टॉक या फंड को चलाता है, लेकिन इसका मतलब है कि रिवर्सन (औसत प्रदर्शन पर लौटना) अक्सर मध्यम अवधि में किक करता है. गति का पीछा करने वाले निवेशक इस स्थिर रूप से सामान्य घटना को 'निवेश के तुरंत बाद अंडरपरफॉर्मेंस' कह सकते हैं

### दूसरों द्वारा लाभ लेना

जब स्टॉक बहुत तेज़ी से बढ़ते हैं, तो निवेशकों द्वारा लाभ लेने से गिरावट आ सकती है. उदाहरण के लिए, संस्थागत निवेशक अक्सर पोर्टफोलियो को पुनर्संतुलित करते हैं, ओवरवैल्यूड एसेट बेचते हैं और अंडरवैल्यूड खरीदते हैं. और चूंकि उनके पोर्टफोलियो बड़े हैं, इसलिए यह अक्सर गिरावट की ओर जाता है।



### इस घटना से कैसे बचें

- **फंडामेंटल के आधार पर इन्वेस्ट करें :** हाल के प्रदर्शन या रुझानों के बजाय किसी परिसंपत्ति के आंतरिक मूल्य पर ध्यान दें। वैल्यूएशन, अर्निंग ग्रोथ या सेक्टर आउटलुक जैसे मेट्रिक्स का इस्तेमाल करके म्यूचुअल फंड या स्टॉक्स का मूल्यांकन करें।
- **सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) का उपयोग करें :** एकमुश्त निवेश करने के बजाय, एसआईपी आपको समय-समय पर निवेश करने की सुविधा देता है, जिससे बाजार की अस्थिरता का प्रभाव कम होता है।

### अनुसंधान और विविधता

केवल पिछले प्रदर्शन पर भरोसा करने से बचें। इसके अलावा, एक क्षेत्र में खराब समय के प्रभाव को कम करने के लिए अपने निवेश को परिसंपत्ति वर्गों, क्षेत्रों और भौगोलिक क्षेत्रों में निवेश करे

### निवेश योजना पर टिके रहें

निवेश को अपने लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता के साथ संरेखित करें। अल्पकालिक परिवर्तनों के लिए भावनात्मक रूप से प्रतिक्रिया करने से बचें।

### 'टाइमिंग द मार्केट' के प्रलोभन से बचें

निवेश करने के लिए सही समय की भविष्यवाणी करना लगभग असंभव है। इसके बजाय, निवेशित और सुसंगत रहने पर ध्यान केंद्रित करें। समय के साथ, अनुशासित और सूचित निवेश आपको इन अल्पकालिक ₹डिप्स₹ से बाहर निकलने और अपने वित्तीय उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद करेगा। जैक बोगल के शब्दों को दोहराते हुए, मैं निवेशकों से यह कहते हुए अपनी बात समाप्त करूंगा: 'अस्थिरता आपका मित्र है, आवेग आपका शत्रु है'।

*(लेखक मोतीलाल ओसवाल फायनांशियल सर्विसेस लिमिटेड के ग्रुप चीफ मार्केटिंग ऑफिसर हैं।)*

## खबर संक्षेप



झज्जर। नेत्र जांच कराते हुए स्वयंसेवी।

### स्वयंसेवियों ने कराई नेत्र जांच

झज्जर। राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में चल रहे सात-दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवियों के लिए नेत्र जांच कैंप लगाया गया। कैंप में डॉक्टर सतबीर, डॉक्टर अमित व सहायक गौरव द्वारा नेत्रजांच की गई। सायंकालीन सत्र में दुर्गाशक्ति टीम से पुलिसकर्मी राखी हुड्डा, एलसीटी सोनिका व अन्नु ने स्वयंसेविकाओं को आत्मरक्षा के गुरु सिखाए तथा हेल्पलाइन नंबर-112 और 1930 बारे जानकारी दी।



### पोस्टर मेकिंग में तृतीय रहा दक्ष


बहादुरगढ़। महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक में 5 दिवसीय हेल्थ अवेयरनेस और ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया। इसमें बादली राजकीय महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस काउंसलर डॉ. विजय तथा तीन रेडक्रॉस स्वयंसेवकों ने भाग लिया। दक्ष, तुषार तथा कशिश ने कैंप के दौरान प्रतिदिन हुई विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। बादली कॉलेज के छात्र दक्ष ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य मेजर आनंद काद्यान्न और वाईआरसी प्रभारी डॉ नवीन मलिक ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर वाईआरसी सदस्य निशा मलिक भी मौजूद रही।

विभिन्न खेल स्पर्धाओं में अंतरा, दीपक, अंकुश, सुहाना, नीतू आदि ने किया शानदार प्रदर्शन

# छारा कॉलेज में हुई खेलकूद स्पर्धा में छात्रों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़





बहादुरगढ़। जीतने के लिए दौड़ती छारा कॉलेज की छात्राएं व प्रतियोगिता में गोला फैंकती एक छात्रा। फोटो :हरिभूमि

छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में 8वीं खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में पहुंचे प्रो. अजय जून और रिटायर्ड प्राचार्य मीर सिंह श्योराण के साथ कार्यकारी प्रिंसिपल डॉ. अनीता दलाल ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। कार्यकारी प्रिंसिपल डॉ. अनीता दलाल ने धवजारोहण कर प्रतियोगिता की शुरुआत की। स्पोर्ट्स इंचार्ज देवेंद्र के संयोजन में आयोजित प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। दुजाना राजकीय महाविद्यालय के सहायक प्रोफेसर अजय जून विशेष अतिथि के रूप में पधारे। उन्होंने ट्रैक तैयार करवाने व सभी प्रतियोगिताओं को सुचारू रूप से करवाने में अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन समारोह में रिटायर्ड प्राचार्य मीर सिंह श्योराण ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में अंतरा ने प्रथम स्थान, नीतू ने दूसरा स्थान तथा मनीषा ने तीसरा स्थान पाया। 100 मीटर पुरुष दौड़ में दीपक प्रथम, रोहित द्वितीय और नितेश तृतीय स्थान पर रहा। पुरुषों की लंबी कूद प्रतियोगिता में अंकुश ने प्रथम, दीपक ने दूसरा और नितेश प्रथम वर्ष ने तीसरा स्थान पाया। महिलाओं की गोला फेंक प्रतियोगिता में अंतरा ने पहला, मनीषा ने दूसरा, दिव्या और शीना ने तीसरा स्थान पाया। भाला फैंकने में सुहाना ने प्रथम, बंटू ने दूसरा व नीतिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि 200 मीटर रेस में नीतू पहले, मनीषा दूसरे व अंतरा तीसरे नंबर पर रही। पुरुषों की 200 मीटर रेस में दीपक, रोहित व रवि कुमार क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। इस अवसर पर डॉ संजय देशवाल, डॉ मनोज कुमार, डॉ अश्वनी कुमार, मोहित, मोनिका, डॉ जयंत, ज्योति, ललिता, अनिल, गीताजंलि, श्वेता, मंजू मलिक, विजय, लोकेश, प्रवीन आदि ने अहम भूमिका निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।



झज्जर। होनहार प्रतिभागी महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ। फोटो :हरिभूमि

## पॉवर प्वाइंट प्रतियोगिता में प्रीति ने पाया पहला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में स्वास्थ्य एवं नैदानिक मनोविज्ञान पर पॉवर प्वाइंट प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। प्रतियोगिता का आयोजन मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रदीप यादव ने किया। प्राचार्य डॉक्टर दलबीर सिंह ने विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने में पॉवर प्वाइंट प्रतियोगिता के महत्व पर प्रकाश डाला तथा प्रतियोगिता के विजेताओं का उत्साहवर्धन किया। मंच संचालन मनोविज्ञान प्रवक्ता डॉक्टर अदिति कादियान ने किया। प्रतियोगिता में एमए मनोविज्ञान द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रीति ने पहला, वंशिका ने दूसरा तथा निशा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## स्कूली छात्राओं ने किया वैश्य कॉलेज में भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। वैश्य कॉलेज स्टॉफ के साथ आसौदा स्कूल की छात्राएं।

आसौदा के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में शैक्षिणक भ्रमण किया। करियर काउंसलिंग के तहत छात्राओं का उनके भविष्य को ध्यान में रखते हुए मार्गदर्शन किया गया। छात्राओं को न्यू एजुकेशन पॉलिसी के साथ 4 वर्षीय एकीकृत शिक्षा नीति के बारे में बताया गया। आसौदा के राजकीय स्कूल की 25 छात्राओं ने प्रिंसिपल जगबीर सिंह के साथ फैकल्टी मैंबर सुषमा, राखी, पूनम आदि के साथ कॉलेज में दौरा किया। प्राचार्या राजवंती शर्मा ने बताया कि छात्राओं को उनकी रूचि के अनुसार विषयों की जानकारी दी गई है। आज के प्रतियोगी युग में बच्चों को पढ़ाई के साथ स्किल डेवलप करने के उद्देश्य ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं। स्कूली छात्राओं ने मूल्य आधारित शिक्षा, मल्टीडिसीप्लिनरी पाठ्यक्रम और तकनीकी शिक्षा के उद्देश्य को समझा। छात्राओं ने कला, विज्ञान, वाणिज्य के साथ बीसीए तथा कंप्यूटर से जुड़े सभी कोर्सेज की जानकारी प्राप्त की। छात्राओं ने पुस्तकालय का दौरा कर ई-लाइब्रेरी और ई-कंटेंट की जानकारी प्राप्त की। एडमिशन प्रमोशन कमेटी प्रभारी डॉ. शालू शर्मा ने बताया कि छात्राओं की विषय अनुसार रुचि को देखते हुए उनकी काउंसलिंग की गई।



### विद्यार्थियों ने बनाए भगवान शिव के पोस्टर

झज्जर। मंगलवार को इंडो अमेरिकन स्कूल में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नन्हें विद्यार्थियों ने भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती की आकर्षक तस्वीर बनाकर हिंदू धर्म के प्रति आस्था प्रकट की। उन्होंने भगवान शिव व मां पार्वती के गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर समां बांधा। छात्रा साइना व प्रज्ञा ने भगवान शिव व माता पार्वती का रूप धारण मनमोहक प्रस्तुति दी। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व हिंदू धर्म में धूमधाम से मनाया जाता है।

## प्रदर्शन में भाग लेने को चंडीगढ़ रवाना

- मांगों को मनवाने के लिए विधानसभा कूच करेंगे व मुख्यमंत्री को ज्ञापन देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़





बहादुरगढ़। बस में सवार होकर चंडीगढ़ रवाना होते संगठन के सदस्य।

आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ता मंगलवार को क्षेत्र के किसानों तथा भूमिहीन ग्रामीणों के साथ चंडीगढ़ रवाना हुए। संगठन के प्रदेश सचिव जयकरण मांडौठी ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा का विशेष घटक ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन देश की राजधानियों में विरोध प्रदर्शन कर रहा है।

जिला कमेटी सदस्य रामकिशन, सतीश कुमार तथा जिले सिंह ने बताया कि एमएसपी गारंटी कानून बनाने, प्रीपेड स्मार्ट मीटर तथा बिजली को प्राइवेट हाथों में देने पर रोक लगाने, कर्ज मुक्ति, बुढ़ापा पेंशन 10 हजार रुपये महीना लागू करने, प्राकृतिक आपदाओं से बर्बाद हुई फसलों का 50 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा देने, मनरेगा स्कीम के तहत साल के 200 दिन काम तथा 700 रुपये दिहाड़ी लागू करवाने, खेती की लागत कम करने तथा अन्य मांगों को मनवाने के लिए विधानसभा कूच करेंगे तथा मुख्यमंत्री को ज्ञापन देंगे। जगदीश सिंह राहड़, हरीश कुमार, रामनिवास, नरेंद्र सिंह, आजाद सिंह अहलावत, जयकिशन, जगदीश, रणधीर सिंह, शमशेर सिंह, जयभगवान, अशोक प्रधान, उमेद सिंह, रण सिंह, रणवीर सिंह, जयप्रकाश, राजबीर सिंह, बीना देवी, विद्या देवी, राजरानी, पिंकी, अंगूरी तथा लालजी ने बताया कि किसानों ने 13 महीने के संघर्ष के बाद तीन जिन काले कानूनों को रद्द करवाया था। अब सरकार उनसे भी अधिक खतरनाक कृषि मार्केटिंग नीति दोबारा लागू करने जा रही है।

## सेक्टर-9 केंद्र में मनाई शिवरात्रि





बहादुरगढ़। कार्यक्रम में केक काटती बीके अंजलि दीदी व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेक्टर-9 स्थित सेवा केंद्र पर शिवरात्रि कार्यक्रम मनाया गया। शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य समझाया गया। बीके अंजलि दीदी ने शिव बाबा की महिमा सुनाते हुए कहा कि परमात्मा के गुण और विशेषताएं हर मनुष्य को अपने जीवन में भी धारण करना चाहिए। इसमें आरडब्ल्यूए प्रधान आरके जून, विजय कौशिक, कुलवंत राय, पार्षद मनीषा धनखड़, एनएस कपूर आदि शामिल हुए। बीके रेणु दीदी और बीके विनीता दीदी ने बताया कि ज्ञान के दीपक से अपने जीवन को रोशन करना होगा। जितना हमारा पुण्य करेंगे, उतना ही हम परमात्मा के समीपता का अनुभव कर पाएंगे। नव्या, जाह्नवी और अपर्णा ने नृत्य और संगीत के परमात्मा शिव की महिमा का बखान किया। इस मौके पर रुबी दीदी, प्रीति दीदी, निधि दीदी, सुदेश बहन, विनय गोयल, एस रोहिल्ला, नीरज व रोहतास आदि मौजूद रहे।

## खेड़का गुज्जर स्कूल में मनाया वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में बीईओ का स्वागत करते स्कूल स्टॉफ। फोटो :हरिभूमि

गांव खेड़का गुज्जर के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अभिभावकों और ग्रामीणों से सरकारी विद्यालयों में विश्वास बनाए रखने का आग्रह किया गया। विद्यार्थियों ने भारतीय एवं हरियाणवी संस्कृति से ओत-प्रोत शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। लोकगीतों, नृत्य और नाट्य कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र मलिक ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। समुदाय के सहयोग से बने शौचालयों का उद्घाटन किया। खंड शिक्षा अधिकारी मुन्नी सहारण, खंड संसाधन समन्वयक शेर सिंह, जिला निपुण समन्वयक डॉ. सुदर्शन पूनिया तथा सत्यदेव राठी आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान विद्यालय में समुदाय के सहयोग से बनाए गए शौचालयों का उद्घाटन भी किया गया। प्रधानाचार्य आनंद कुमार ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद करते हुए भविष्य में भी इसी तरह सहयोग बनाए रखने की अपील की। डॉ. सुदर्शन पूनिया ने बताया कि निपुण हरियाणा के तहत विद्यालयों में प्रशिक्षित शिक्षक, आधुनिक पाठ्यक्रम और समग्र शिक्षा प्रणाली उपलब्ध है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो रहा है।

बीईओ मुन्नी सहारण ने अभिभावकों से स्कूल में बच्चों की नामांकन संख्या बढ़ाने में सहयोग करने का अनुरोध किया। सरकारी विद्यालय अब आधुनिक सुविधाओं से पूरी तरह सुसज्जित है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है।



झज्जर। स्कॉलरशिप टेस्ट के दौरान मौजूद विद्यार्थी।

## स्कॉलरशिप टेस्ट में 1180 विद्यार्थियों ने लिया भाग

झज्जर। एसकेजी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया गया। स्कॉलरशिप टेस्ट में दूसरी से बारहवीं कक्षा तक के 1180 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एसकेजी शिक्षा समिति भाकली के प्रधान राय सिंह ने विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप टेस्ट के लिए बधाई दी। स्कूल संचालक श्याम सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए स्पेशल सार्थक कैरियर इंस्टीट्यूट इसी सत्र से शुरू किया जा रहा है जिसमें नीट, जेईई, एनडीए, क्लैट व फाउंडेशन की तैयारी कराई जाएगी।

## वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति देते हुए छात्राएं।

राजकीय माध्यमिक विद्यालय खेड़का गुज्जर में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र मलिक ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की जबकि बहादुरगढ़ खंड की शिक्षा अधिकारी मुन्नी सहारण, संसाधन समन्वयक शेर सिंह, निपुण जिला समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया, डीईओ कार्यालय से सत्यदेव राठी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि वीरेंद्र मलिक ने शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि सबसे बड़ा दान शिक्षा का दान होता है और विद्यालय का पूरा स्टाफ समर्पण और निष्ठा के साथ यह कार्य कर रहा है। इस दौरान जहां डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने अभिभावकों और ग्रामीणों से सरकारी विद्यालयों में विश्वास बनाए रखने का आग्रह किया वहीं खंड शिक्षा अधिकारी मुन्नी सहारण ने बच्चों की नामांकन संख्या बढ़ाने पर जोर दिया। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्य आनंद कुमार, एसएमसी प्रधान धर्मेंद्र, सरपंच सुनील कुमार, सतपाल, मीना गौड़, सतीश गौड़, सतबीर, दिनेश, विजेंद्र, उर्मिला सांगवान और जसवंत देशवाल सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## विजेता स्पेशल बच्चों को किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। स्पेशल बच्चों को जीत पर पुरस्कृत करते दिनेश कौशिक।

ना माजरा स्थित नक्षत्र और आशा किरण स्पेशल स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगता का मंगलवार को समापन हो गया। इसमें मुख्यअतिथि के रूप में भाजपा नेता दिनेश कौशिक सेवामूर्ति ने स्पेशल विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया।

संस्था के अध्यक्ष नवीन देशवाल, विनोद जून, जगदीश पंडित, प्रमोद पंडित, हरविंद्र जून, भोम सिंह मीना, सोनू जांगडा, सतपाल, दिव्या जांगड़ा, नताशा शर्मा, पूजा व प्रियंका आदि ने स्पेशल बच्चों को पुरस्कृत किया। सौ मीटर रेस में प्रणव पाल प्रथम, युग द्वतीय, आशीष तृतीय स्थान पर रहे। कर्मवीर प्रथम, वरुण द्वितीय व ऋतिक तृतीय रहा। अंशु प्रथम, ज्योति द्वितीय व आंचल तृतीय रही। सोनी, दीपिका, परी नींबू रेस में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रही। सौ मीटर रेस में कार्तिक प्रथम, प्रतीक द्वितीय, देवांश तृतीय रहा। दो सौ मीटर रेस में नमन प्रथम, सुनील द्वितीय व कार्तिक तृतीय रहा। खो-खो में ऋतिक कुमार की टीम विजेता रही।

### ड्यूटी के लिए निकला युवक वापस नहीं आया

बहादुरगढ़। घर से ड्यूटी के लिए निकला एक युवक वापस नहीं लौटा। कई दिन बीत जाने के बाद भी युवक का कुछ अता पता नहीं है। परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। छोटूराम पार्क के निवासी जयभगवान का कहना है कि उसका लड़का ललित एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड है। गत नवंबर माह में वह घर से ड्यूटी के लिए गया था लेकिन वापस नहीं आया। इसके बाद उसके पास कॉल की लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रसंदी देवी (पत्नी) अमृत प्रसाद (पुत्र), रानी (पुत्री) व अनीता (पुत्री) स्व. श्री दुलीचंद निवासी इमली वाली गली, बहादुरगढ़ द्वारा ऑनलाइन एनडीसी पोर्टल पर प्रोपर्टी आईडी नंबर 3BCP8738 वार्ड नंबर 24/716 कॉलोनी इमली वाली गली जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज 121.33 से 133 वर्ग गज करवाने हेतु ऑनलाइन एप्लीकेशन नंबर 0184924520 द्वारा अप्लाई किया है। अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति नंबर 3BCP8738 वार्ड नंबर 24/716 कॉलोनी इमली वाली गली पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त संपत्ति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें, अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर वह संपत्ति नंबर 3BCP8738, 133 वर्ग गज प्रार्थी प्रसंदी देवी (पत्नी), अमृत प्रसाद (पुत्र), रानी (पुत्री) व अनीता (पुत्री) स्व. श्री दुलीचंद के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी,
नगर परिषद, बहादुरगढ़





झज्जर। प्रतापगढ़ फार्म परिसर में मौजूद शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### विद्यार्थियों को करवाया प्रतापगढ़ का भ्रमण

झज्जर। मंगलवार को एमआर स्मार्ट वर्ल्ड स्कूल में विद्यार्थियों को स्थानीय प्रतापगढ़ फार्म का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। फार्म पहुंचने पर विद्यार्थियों का स्वागत ढोल की तेज आवाज व नृत्य के साथ किया गया। यहां विद्यार्थियों ने कैटर-पिलर, बास्केट-रन, बुल-राइड तथा डांस-जोन का आनंद लिया। इसके अलावा विद्यार्थियों को कठपुतली डांस भी दिखाया गया। प्राचार्य आदर्श मिश्रा ने बताया कि इस तरह के भ्रमण से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे बाहरी दुनिया से ताल-मेल करने में निपुण होते हैं।

कार्यक्रम | रईया गांव के प्राचीन शिव मंदिर में भंडारा आज

## शिव परिवार स्थापना के उपलक्ष्य में निकाली कलश शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। शिवलिंग के साथ शोभायात्रा निकालते हुए श्रद्धालु व कलश यात्रा में सिर पर कलश धारण किए महिलाएं।



महाशिवरात्रि का उत्साह लोगों में देखते ही बन रहा है। बुधवार को मनाए जाने वाले महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों को लेकर बाजार में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। भगवान शंकर का जलाभिषेक करने के लिए डाक कावंड लाने वाले श्रद्धालुओं के जत्थे भी जाते दिखाई दिए। उधर, क्षेत्र के गांव रईया स्थित प्राचीन शिव मंदिर में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में गांव की सौभाग्यवती महिलाओं द्वारा कलश शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं के अनुसार तीन सौ साल से अधिक पुराने इस शिव मंदिर में शिव परिवार की मूर्तियों व शिवलिंग की स्थापना की गई है। नर्मदा से शिवलिंग लाकर यहां स्थापित किया गया है। मूर्ति स्थापना से पूर्व महिलाओं ने कलश यात्रा में भागीदारी की। लाल-पीले परिधान में जहां महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी, वहीं पुरुष श्रद्धालु धार्मिक ध्वज हाथों में लिए भगवान शिव के जयकारे लगाते दिखाई दिए। महाशिवरात्रि को मंदिर में भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

## जीएसटी एमनेस्टी योजना से मिलेगा लाभ: उपायुक्त

**झज्जर।** डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि लंबे समय से जीएसटी मामलों में उलझे कारोबारियों को राहत देने के उद्देश्य से सरकार ने जीएसटी एमनेस्टी 2025 योजना शुरू की है। जिसके तहत व्यापारियों को बकाया टैक्स जमा करना होगा, जबकि ब्याज और जुर्माने से पूरी तरह छूट दी जाएगी।

## प्लास्टिक वेस्ट जलाने पर लगाया प्रतिबंध

**झज्जर।** जिलाधीश प्रदीप दहिया ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्लास्टिक वेस्ट जलाने और अवैध तरीके से औद्योगिक गतिविधियों के लिए अवैध तरीके से बिजली का उपयोग करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। जारी आदेशों के अनुसार, गांव परनाला, निजामपुर रोड, बामड़ौली, कानौंदा, खेरपुर, लडरावण, सिद्धिपुर, लोवा कलां व लोवा खुर्द में अवैध रूप से संचालित औद्योगिक गतिविधियों के कारण स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा था और प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा था।

## परीक्षाओं को लेकर धारा-163 के आदेश

**झज्जर।** हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी की आगामी परीक्षाओं को शांतिपूर्ण व नकल रहित आयोजित करवाने के लिए जिलाधीश प्रदीप दहिया ने जिले में धारा 163 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार परीक्षा केंद्रों की दो सौ मीटर परिधि में पाबंदियां रहेंगी। 27 फरवरी से 29 मार्च के मध्य हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी दपरीक्षाएं आयोजित करवाएगा। परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की सीमा में आने वाली फोटोस्टेट की दुकानें परीक्षाओं के समय बंद रहेगी।

## श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा का पाठ किया



**झज्जर।** श्रीआनंद आश्रम में मंगलवार को हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया। आश्रम के महंत अजय दास महाराज ने बताया कि नियमित हनुमान चालीसा पाठ करने वाले श्रद्धालु को बजरंग बली के साथ-साथ भगवान श्रीराम का भी आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस मौके पर रजनीश, कालू, अश्वनी, चिंटू सक्सेना, हिमांशु सोलंकी, अनिल, रोशनी देवी सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## संशोधित योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किए

**झज्जर।** डीसी प्रदीप दहिया ने बताया कि हरियाणा सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग तथा विमुक्त जाति, घुमंतू, अर्धघुमंतू व टपरीवास जातियों के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार ने डॉक्टर बी आर अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के तहत वर्ष 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया चल रही है। योजना के तहत वे छात्र आवेदन कर सकते हैं। जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 4 लाख रुपये से अधिक न हो। आवेदन आगामी 28 फरवरी तक स्वीकार किए जाएंगे।

## एएनएम व आशा वर्कर को किया सम्मानित



**बहादुरगढ़।** बबीता, सुमन व संगीता के साथ सरोज राठी व ज्योति रोहिल्ला के साथ। फोटो : हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-7 में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कार्यरत एएनएम बबीता, आशा वर्कर सुमन व संगीता को चेयरपर्सन सरोज राठी व पार्षद ज्योति पवन रोहिल्ला ने मंगलवार को सम्मानित किया। साथ ही भविष्य में भी इसी प्रकार पूरी ईमानदारी व निष्ठा से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करते रहने को प्रेरित किया। सरोज राठी व ज्योति रोहिल्ला ने बताया कि 26 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में तीनों का सम्मान किया था।



# प्रतिभा में 'पूजा' को सलाम: पहली बार में ही 4 विषयों में जेआरएफ किया क्वालीफाई

■ सभी में सहायक प्रो. पद के योग्य, मनोविज्ञान, योग, सोशियोलॉजी व दर्शनशास्त्र में जेआरएफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

गांव बिरड़ की होनहार बेटी पूजा आर्या ने दर्शनशास्त्र में यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आर्या ने यूजीसी नेट परीक्षा में लगातार चौथी बार सफलता हासिल कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया है। पूजा आर्या के पिता हेड मास्टर ओमप्रकाश ने बताया कि उनकी पुत्री पूजा ने वर्ष 2019 में प्रथम प्रयास में ही मनोविज्ञान में जेआरएफ किया था। उसके बाद वर्ष 2022 में उसने सोशियोलॉजी विषय से जेआरएफ की परीक्षा पास की। अगले ही वर्ष 2023 में योग विषय से नेट जेआरएफ में अव्वल स्थान हासिल किया और इस बार दिसंबर 2024 की परीक्षा में भी पूजा ने नेट जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पूजा ने इस बार यह कीर्तिमान दर्शनशास्त्र विषय में रचा है। अब वह चार विषयों में असिस्टेंट प्रोफेसर पद के योग्य हो गई है। पूजा हर बार अपना विषय भी बदल देती हैं लेकिन पहले ही प्रयास में सफलता भी हासिल कर लेती है। पूजा ने बताया कि वह हर दिन छह से सात घंटे अपनी पढ़ाई को देती रहीं है। पूजा के अनुसार अक्सर अभ्यर्थी अपने मुख्य विषय पेपर-दो पर तो फोकस करते हैं लेकिन पेपर-एक को महत्व देना भूल जाते हैं। जबकि मुख्य विषय की पढ़ाई तो हर कोई कर रहा है, ऐसे में जो पेपर-एक पर भी बराबर मेहनत करनी चाहिए। पेपर-एक की तैयारी के लिए पूजा ने अपने भाई सूर्य प्रकाश से कोचिंग ली जो कि स्वयं योग, टूरिज्म और समाजशास्त्र में पहले से जेआरएफ कर चुके हैं।

**दिव्यांगजनों व वंचित महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास :** दिव्यांग पूजा का कहना है कि वह देश की होनहार छात्राओं, दिव्यांगजनों व वंचित महिलाओं के जीवन को बेहतर करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगी। ऐसे लोगों को सशक्त करना ही उनके जीवन का परम लक्ष्य है।

वह मानती हैं कि शिक्षा सशक्तिकरण का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है और हमारे देश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में, विशेष रूप से महिलाओं और दिव्यांगों के लिए हो रहे प्रयास उनकी आवश्यकताओं के लिहाज से पर्याप्त नहीं हैं।

## विधायक राजेश जून ने किया शिलान्यास

# आसौदा में रोहद तक सड़क होगी चकाचक 1.94 करोड़ होंगे खर्च

अधिकारियों और ठेकेदार को विधायक की नसीहत निर्माण कार्य में प्रयोग होने वाली सामग्री की गुणवत्ता से न होने पाए कोई समझौता, ग्रामीणों को निर्माण पर नजर रखने का दिया मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** आसौदा में सड़क निर्माण कार्य का नारियल फोड़ते विधायक राजेश जून। फोटो : हरिभूमि

गांव आसौदा में 1 करोड़ 94 लाख रुपये की धनराशि से 6 किलोमीटर लंबे रोहद लिंक रोड का निर्माण होगा। विधायक राजेश जून ने ग्रामवासियों की मौजूदगी में दादा बूढ़ा मंदिर खेल स्टेडियम के पीछे नारियल फोड़कर इस कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। विधायक राजेश जून ने अधिकारियों व ठेकेदार से कहा कि सड़क के निर्माण कार्य में सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। ग्रामीण भी इस सड़क के निर्माण कार्य पर नजर बनाए रखें। एसडीओ नरेंद्र काजला ने बताया कि 1 करोड़ 94 लाख 34 हजार की धनराशि से बनने वाली इस सड़क का कार्य बहुत जल्दी ही पूरा हो जाएगा। विधायक ने कहा कि कई वर्षों से हलके की सड़के टूटी पड़ी हैं। जल्द ही सभी टूटी हुई सड़कें नई बना दी जाएंगी। इस मौके पर अश्वनी, हरीश, राजेंद्र, जगत, रावत, नरेंद्र, रसिया, सतपाल, जयकरण व सत्ते आदि मौजूद रहे।

### मांडोठी में हुआ भंडारा

विधायक ने मांडोठी में शिव मंदिर में आयोजित देशी घी के भंडारे में शिरकत कर प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही आयोजकों को 11 हजार रुपये की धनराशि भी दान स्वरूप भेंट की।

## शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर स्वयंसेवियों को किया सम्मानित



**झज्जर।** समापन समारोह में शिक्षकों के साथ मौजूद प्रतिभागी स्वयंसेवक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

राजकीय महाविद्यालय दुजाना में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर मंगलवार को संपन्न हो गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सजनी देवी ने बताया कि समापन समारोह में डॉक्टर सुमित्रा धनखड़ ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने आर्य समाज के महत्व वैदिक संस्कृति तथा स्वस्थ जीवन शैली में सेहत के लिए घर से बने खान-पान पर जोर देकर विद्यार्थियों को पौष्टिकता का महत्व समझाया।

उन्होंने स्वयंसेवियों को अनुशासन व समाज सेवा के महत्व बारे अवगत कराते हुए उन्हें निरंतर कर्त्तव्य पथ पर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। शिविर में यूनिट एक से अरविंद तथा भूपेश व यूनिट टू से स्वाति व ज्योति को श्रेष्ठ स्वयंसेवी का सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सजनी देवी ने सात दिवसीय कैंप के दौरान किए गए जन जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी दी।

**ये रहे मौजूद:** इस मौके पर डॉक्टर नरेंद्र दहिया, डॉक्टर रवि प्रकाश, डॉक्टर जितेंद्र कुमार, डॉक्टर अनिल कुमारी, डॉक्टर मोनिका, डॉक्टर अंजु, डॉक्टर सुनीता, डॉक्टर निधि, डॉक्टर अनीता, डॉक्टर दीपा सहित अन्य भी मौजूद रहे।

# शरारती तत्वों ने की पत्थरबाजी

- दो शरारती लड़कों ने मकानों पर पत्थरबाजी की और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए
- एक आरोपी का नाम भी पुलिस को दिया



**बहादुरगढ़।** शिकायत लेकर थाने में पहुंचे बसंत विहार के निवासी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बसंत विहार में नशेड़ी और शरारती तत्वों से स्थानीय निवासी परेशान हैं। बीती रात को भी यहां विवाद गहरा गया। दो शरारती लड़कों ने मकानों पर पत्थरबाजी की और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। इस घटनाक्रम के बाद आसपास रहने वाले लोग चिंतित हैं। लोगों ने पुलिस को शिकायत देकर मामले में कार्रवाई करने की मांग उठाई है।

शिकायत में एक व्यक्ति ने कहा है कि रात करीब साढ़े 12 बजे दो लड़के हमारे मकान के बाहर थे। वे गाली गलोच तथा अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे थे। कुछ देर बाद वे मेरा गेट खुलवाने लगे। मैंने बाहर आकर उनसे कहा कि तुम्हारा यह तरीका ठीक नहीं है, मेरे घर के बाहर गाली गलोच मत करो। इसके बाद भी वे नहीं माने और गालियां देते रहे। फिर वे फोन पर कॉल कर अपने साथियों को बुलाने लगे और मुझ पर हमला कर दिया।

शोर सुनकर पड़ोसी बाहर निकले तो वे दोनों थोड़ी दूर जाकर खड़े हो गए और हमारे मकानों पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

थाने में दिए गए शिकायत पत्र पर रमेश, सोमबीर, राजकुमार, संजय, मंजीत, राकेश, सुमन, रेखा, कांति, तरुणा, अंजू, पूनम, अविनाश व अमन आदि ने हस्ताक्षर किए हैं। एक आरोपी युवक का नाम भी पुलिस को दिया गया है। लोगों का कहना है कि बसंत विहार में नशा करने व नशा बेचने वालों की तादाद बढ़ रही है। इस दिशा में सख्ती बरती जाए ताकि लोग चैन से रह सकें।

## 'इतनी सी फरियाद' के लिए मिला सम्मान

# राजपाल सिंह को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर




**झज्जर।** साहित्यकार राजपाल सिंह गुलिया को सम्मानित करते हुए प्रोफेसर उषा यादव।

क्षेत्र के गांव जाहिदपुर निवासी साहित्यकार राजपाल सिंह गुलिया को फिरोजाबाद में आयोजित एक समारोह के दौरान साहित्यिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। फिरोजाबाद के बच्चू बाबा सरस्वती विद्या मंदिर में प्रज्ञा हिन्दी सेवार्थ संस्थान ट्रस्ट द्वारा आयोजित षष्ठ अन्तर्राष्ट्रीय प्रज्ञा सम्मान-2024 कार्यक्रम के दौरान उन्हें यह सम्मान दिया गया।

इस दौरान धर्मेंद्र शर्मा राधे-राधे ने नवगीतकार रामस्नेही लाल शर्मा यायावर, प्रोफेसर सुरेन्द्र दुबे, तथा पद्मश्री प्रोफेसर उषा यादव सहित देश के विभिन्न राज्यों के साहित्यकारों की उपस्थिति में साहित्यकार राजपाल सिंह गुलिया को हिन्दी काव्य क्षेत्र में उनकी पारंपरिक छंदों की चयनित श्रेष्ठ कृति इतनी सी फरियाद के लिए नर्मदा देवी सतीश चन्द्र शर्मा महाकवि बोधा सिंह छंद श्रीअलंकरण- 2024 से सम्मानित किया गया। उन्हे माला, शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह, सम्मान- पत्र तथा नकद राशि प्रदान की गई। बता दें कि गांव जाहिदपुर निवासी राजपाल सिंह गुलिया की पांच मौलिक पुस्तकें तथा छब्बीस सांझा संकलन प्रकाशित हो चुके हैं।

## लापता युवक का शव माइनर में मिला, हत्या की आशंका

**बहादुरगढ़।** जसोरखेड़ी से लापता युवक का शव गांव के नजदीक माइनर में पाया गया। युवक की हत्या किए जाने की बात सामने आ रही है। पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। जसोरखेड़ी का निवासी करीब 29 वर्षीय सुमित गत 22 फरवरी को घर से बाहर गया था लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने तलाश शुरू की लेकिन वह नहीं मिला। इसी बीच गांव में यह खबर फैल गई कि हत्या करने के बाद सुमित को नहर में फेंक दिया गया है। यह खबर सुनकर परिजनों की चिंता बढ़ गई। इसके बाद उन्होंने नहर में भी तलाश शुरू की। सूचना मिलते ही पुलिस गांव में पहुंची। लेकिन तब सुमित के भाई मनीष की शिकायत पर आसौदा पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की। सुमित की तलाश जारी थी। इसी बीच मंगलवार की देर शाम को गांव के निकट माइनर में उसका शव पाया गया। यह सूचना मिलते ही आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। बुधवार को पोस्टमार्टम होगा। परिजनों में रोष है। 22 तारीख की रात को हरीश नाम के एक युवक का सुमित के पास फोन आया था। तभी सुमित घर से बाहर निकला और वापस नहीं आया। मामले को सुलझाने में पुलिस की कई टीमें जुट गई हैं।

## ग्रामीणों को किया नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक



**झज्जर।** क्षेत्र के गांव सुलौधा में एसीपी धर्मवीर सिंह ने ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव, यातायात नियमों की पालना करने, साइबर अपराध, महिला विरुद्ध अपराध के प्रति जागरूक किया। एसीपी धर्मवीर सिंह ने कहा कि नशा करने से जहां हमारे शरीर को नुकसान होता है, वहीं समाज में हमारी छवि भी खराब होती है और हमें धन की हानि भी होती है। इसलिए स्वयं भी नशा न करें और दूसरों को भी नशा नहीं करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि अगर आपके आसपास क्षेत्र में कोई नशीला पदार्थ बेचता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें ताकि ऐसा कार्य करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

## मैथ ओलंपियाड के पहले चरण में जीते पदक

**बहादुरगढ़।** बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल के होनहार विद्यार्थियों ने इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड के प्रथम चरण की परीक्षा में पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल के विद्यार्थियों ने मैथ ओलंपियाड के पहले लेवल के लिए परीक्षा दी थी। जिसमें स्कूल के 16 विद्यार्थियों ने पदक जीते हैं।
बता दें कि मैथ ओलिंपियाड फाउंडेशन द्वारा 29 दिसंबर को दिल्ली के एमसीएल सरस्वती बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड के प्रथम लेवल की परीक्षा ली गई थी। इस परीक्षा में स्कूल के 16 विद्यार्थियों ने स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य पूनम चौधरी ने बताया कि तीसरी कक्षा के पीयूष कुमार व अमीना ने ,चौथी कक्षा के अभिनव झा , रीधनेश कुमार झा और अयान ने कांस्य पदक जीता। पांचवीं के प्रथम और दिव्यांशी ने स्वर्ण, सौम्या सिंह ने रजत, आरुषि सिंह ने रजत व हर्ष कुमार ने कांस्य पदक जीता। सातवीं कक्षा की कीर्ति ने कांस्य, नौंवी की अंजलि ने कांस्य व दसवीं की साक्षी ने रजत पदक जीता। स्कूल डायरेक्टर एडवोकेट प्रवीण छिल्लर, डॉ सीमा छिल्लर व प्रधानाचार्य पूनम चौधरी ने विद्यार्थियों की इस कामयाबी पर खुशी जताते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सरपंच और ग्रामीणों ने रखी समस्याएं

**झज्जर।** अंत्योदय उत्थान लक्ष्य के साथ हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ तय समय में मिलें व उनकी शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निवारण किया जा सके , इन्हीं उद्देश्य के साथ मंगलवार को गांव ग्वालिसन में जिला प्रशासन द्वारा रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया। डीसी प्रदीप दहिया ने डीसीपी दीपक सहारण के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुन मौके पर समाधान किया। डीसी प्रदीप दहिया ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सोच है कि जिला प्रशासन के अधिकारी गांव में ठहरें और जनसमस्या सुनते हुए मौके पर ही उनका समाधान करें। गांव की सरपंच प्रीति रानी,जिला पार्षद वीरभान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## डीसी ने बेरी में बने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**झज्जर।** नगरपालिका चुनाव को लेकर डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि दो मार्च को बेरी नगर पालिका के 14 वार्डों के लिए चेयरमैन और पार्षद पद के लिए सुबह आठ बजे से सांय छह बजे तक मतदान होगा। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान को लेकर 14 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि दो मार्च को मतदान के बाद ईवीएम जमा करने के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी मे स्ट्रांग रूम बनाया गया है।

## युवाओं को नशे से दूर रहने को किया प्रेरित

**बहादुरगढ़।** नशे के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस की ओर से मुहिम चलाई जा रही है। इस मुहिम के तहत ओलंपियन खिलाड़ी एवं एसीपी अखिल कुमार मंगलवार को गांव मुंडाखेड़ा तथा गंगड़वा में पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव बताते हुए इससे दूर रहने के लिए प्रेरित किया। एसीपी अखिल कुमार ने कहा कि नशा शरीर के साथ ही हमारे मानसिक, आर्थिक व पारिवारिक जीवन को खराब कर देता है। नशे से केवल एक व्यक्ति का ही नहीं, बल्कि उसके परिवार व समाज का नुकसान होता है। इसलिए इससे बचकर रहें और अपने परिचितों को भी इस बुराई से बचाएं। एसीपी ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि पढ़ाई और खेलकूद में ध्यान दें। अच्छे दोस्तों के साथ रहें और बुरे व्यक्तियों की संगत को छोड़ दें। इस दौरान सरपंच नरेंद्र, राजकुमार, ओमकंवार, दिनेश, सुनील चौकीदार, रोहतास, मन्नू, अशोक, सतबीर, कृष्ण, भूप, राजवीर, वेद सिंह, नेत्रपाल, जितेंद्र, जसवंत, नवीन, रिंकू, अंकित आदि मौजूद रहे।

## शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए किया प्रेरित

**झज्जर।** मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में ब्लॉक प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटेशन यूनिट की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी रूपेंद्र नांदल ने की। निपुण हरियाणा के जिला समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने बैठक में मौजूद स्कूल मुखिया, बीआरपी, एबीआरसी के समक्ष स्कूल भ्रमणों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने विद्यालय भ्रमण के दौरान शिक्षण प्रक्रिया की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने, वर्क बुक और शिक्षक संदर्शिका के प्रयोग एवं छात्र अनुपस्थित पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ बाल वाटिका से पांचवीं कक्षा तक की परीक्षा किस प्रकार होनी है इस बारे विस्तृत जानकारी सांझा की। खंड शिक्षा अधिकारी रूपेंद्र नांदल ने निपुण हरियाणा के सभी पहलुओं को सही तरीके से लागू करने व शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए सभी को प्रेरित किया।

## केवाईसी के नाम पर लोगों को फंसा रहे साइबर ठग

**झज्जर** वर्तमान समय में पेटीएम की केवाईसी और चालू रखने के नाम पर फर्जी कॉल्स और मैसेज आ रहे हैं। इन कॉल्स पर संपर्क करने पर ठग मोबाइल पर एक ऐप इंस्टॉल करवा लेते हैं, जिसके बाद मोबाइल हैक हो जाता है और बैंक खाते से पैसे उड़ा लिए जाते हैं। ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए जागरूक करते हुए डीसीपी लोगेश कुमार ने बताया कि अपरिचित व्यक्तियों द्वारा भेजे गए ईमेल या लिंक पर क्लिक करने से बचें। अनजान व्यक्तियों से आए लिंक को न खोलें या आगे न बढ़ाएं। उन्होंने लोगों को यह भी सलाह दी कि यदि कोई अज्ञात व्यक्ति पैसे मांगता है या रिश्तेदार बनकर पैसे भेजने को कहता है, तो तुरंत सावधान हो जाएं। बिना जाने किसी को अपना वॉलेट नंबर या ओटीपी साझा न करें। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर भी ठग लोग फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजते हैं और वीडियो कॉल के माध्यम से ब्लैकमेल करते हैं। ऐसे मामलों में सावधानी बरतें और फर्जी ट्रांसपोर्ट कंपनियों से भी बचें। जॉब के नाम पर भी ठगी की जा रही है। शातिर अपराधी ऑनलाइन परीक्षा या फोन पर इंटरव्यू कराकर जॉइनिंग के लिए पैसे मांगते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की साइबर ठगी होने पर तुरंत हेल्पलाईन नंबर 1930 पर संपर्क करें।

## नकली वर्क परमिट देने पर तीन के खिलाफ केस

**बहादुरगढ़।** बिजनेस के मकसद से पोलैंड जाने का इच्छुक एक युवक कुछ शातिर लोगों के चंगुल में फंस गया। शातिरों ने उसे नकली वर्क परमिट थमा कर साढ़े तीन लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दे दी है। शिकायत के आधार पर सिटी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात परीक्षित के साथ हुई है। परीक्षित का कहना है कि वह पोलैंड जाना चाहता था लेकिन इसके लिए वर्क वीजा की जरूरत थी। इस संबंध में मैंने गुरुग्राम में रहने वाली अपनी एक महिला दोस्त से संपर्क किया। उस महिला ने मुझे बताया कि उसके जानकार मुनी बाबू ने तमिलनाडु स्थित एक कंपनी से वर्क वीजा अप्लाई किया है। फिर मैंने मुनी बाबू के जरिये कंपनी में संपर्क किया। उन्होंने मुझ से पासपोर्ट और साढ़े तीन लाख रुपये लिए। काफी दिन बीत जाने के बाद भी कंपनी की तरफ से कोई रिस्पांस नहीं मिला तो मैंने कॉल की।